आकाशवाणी श्री विजयपुरम

10.11.2024 समय : 1850

- भारत के सात संस्थानों ने क्यू. एस. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग–एशिया दो हजार पच्चीस के शीर्ष सौ संस्थानों में जगह बनाई है।
- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण कल से पन्द्रह नवंबर तक द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र की तटीय और समुद्री जैव विविधता पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करेगा।
- मध्योत्तर अंडमान में मत्स्य विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर जानकारी देने के लिए विशेष आउटरीच शिविर का आयोजन किया गया।
- समाज कल्याण निदेशालय ने भातूबस्ती स्कूल में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों पर जागरूकता अभियान चलाया।
- डिगलीपुर में ''जलीय कृषि में जल–गुणवत्ता प्रबंधन का महत्व'' पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

भारत के सात संस्थानों ने क्यू.एस. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग–एशिया दो हजार पच्चीस के शीर्ष सौ संस्थानों में जगह बनाई है। क्यू.एस.यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आई.आई.टी., दिल्ली ने चौवालिसवां स्थान हासिल किया है, जबकि आई.आई.टी., बॉम्बे अड़तालीसवें स्थान पर है। आई.आई.टी मद्रास, आई.आई.टी. खड़गपुर, आई.आई.टी. कानपुर और दिल्ली विश्वविद्यालय शीर्ष सौ संस्थानों में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। आई.आई.टी. गुवाहाटी, आई.आई.टी. रुड़की, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, पेट्रोलियम और ऊर्जा शिक्षा विश्वविद्यालय तथा वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जैसे संस्थान शीर्ष एक सौ पचास में शामिल किए गए हैं। यह रैंकिंग पूर्वी, दक्षिणी, दक्षिण–पूर्वी और मध्य एशिया के पच्चीस देशों के नौ सौ चौरासी संस्थानों के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गई है।

<><><><><><><>

देश में बड़े पैमाने पर खरीफ फसलों की खरीद सुचारू रूप से जारी है। सरकार ने वर्तमान विपणन सत्र में शुक्रवार तक एक सौ बीस लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की है। धान खरीद से पंजाब में छह लाख अट्ठावन हज़ार किसानों को लाभ मिला है। उन्हें सत्ताईस हज़ार नौ सौ पंचानबें करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान किया गया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि ग्रेड 'ए' धान को तय एम.एस.पी. दो हजार तीन सौ बीस रुपये प्रति क्विंटल पर ही खरीदा जा रहा है। पंजाब सरकार ने चार हज़ार सात सौ तैंतालीस मिलों को धान की छिलाई का काम आवंटित किया है, जिसके लिए कुल चार हज़ार आठ सौ उनतालीस धान मिलों ने आवेदन किया है।

केंद्र सरकार ने चालू खरीफ सीजन के लिए धान खरीद का अनुमानित लक्ष्य एक सौ पचासी लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के क्षेत्रीय केंद्र की ओर से कल से पन्द्रह नवंबर तक भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के लिए द्वीप पारिस्थितिकी तंत्र की तटीय और समुद्री जैव विविधता पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित कर रहा है। भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के इक्कीस अधिकारी भाग लेंगे। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में कक्षा शिक्षण, क्षेत्र भ्रमण और प्रशिक्षण शामिल है। पाठ्यकम के दौरान अधिकारी स्वराज द्वीप के रानी झांसी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान, वन्डूर के महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान, बाराटांग के मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र और लाइम स्टोन केव, चिडियाटापू जैविक उद्यान का भी दौरा

करेंगे। पांच दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का फिनिक्स–बे स्थित टी. एस. जी. एमिरॉल्ड व्यूव होटल में कल सुबह दस बजें उद्‌घाटन होगा।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान में मत्स्य विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए विशेष आउटरीच शिविर का आयोजन किया गया। हाल ही में निम्बुतला के फिश लैण्डिंग सेंटर में विशेष शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में आस–पास के गाँवों से आए मछुआरे शामिल हुए। मछुआरों को के.सी.सी. ऋण प्राप्त करने, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत सुविधाओं के लिए आवेदन करने जैसी योजनाओं के लाभों के बारे में बताया गया। मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक ने मछुआरों से विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का अनुरोध किया। इसी प्रकार का कार्यक्रम किशोरीनगर ग्राम पंचायत के मोहनपुर गांव में भी आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मछुआरे, मछली पालक और बेरोजगार युवा शामिल हुए। लोगों के कल्याण के लिए पूरे जिले में इस तरह के और शिविर आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय ने एकीकृत पुनर्वास केंद्र के सहयोग से नशे के आदी लोगों के लिए भातूबस्ती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर अपने संबोधन में स्कूल के प्रधानाचार्य जे. दासन पुष्पराज ने अभियान के महत्व पर ज़ोर दिया और छात्रों को स्कूल की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। एकीकृत पुनर्वास केंद्र के डॉ. एम.के. महतो ने नशीली दवाओं के सेवन की रोकथाम पर जानकारी दी। उन्होंनें नशीली दवाओं के उपयोग से जुड़े शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों, साथियों के दबाव का विरोध करने की रणनीतियों और परिवार और दोस्तों के साथ सहायक संबंध बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को नशीली दवाओं से संबंधित शिकायतों और परामर्श के लिए चौबीसों घण्टे उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर–एक–एक दो के बारे में भी जानकारी दी। एन.ए.पी. डी.डी.आर. की परियोजना सहायक ने भी छात्रों के साथ बातचीत की और प्रभावी अध्ययन तकनीकों और ध्यान केंद्रित रहने के तरीकों पर जानकारी दी। उनके सत्र का उद्देश्य छात्रों को नकारात्मक प्रभावों से बचने और सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने के बारे में मार्गदर्शन करना था। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक और छात्र शामिल हुए।

<><><><><><><>

एन सी सी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबिरपाल सिंह द्वीपों के दौरे पर तेरह नवम्बर को श्री विजयपुरम पहुंच रहे हैं। अपने दौरे के दौरान वे एन सी सी कैडेटों और कर्मियों से मुलाकात कर इकाई की ओर से चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। एन सी सी महानिदेशक अंडमान निकोबार कमान के अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने मत्स्य विभाग के सहयोग से डिगलीपुर में "जलीय कृषि में जल गुणवत्ता प्रबंधन का महत्व–सतत मछली पालन के लिए सर्वोत्तम प्रबंधन पद्धतियां और रणनीतियां" विषय पर पांच दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह प्रशिक्षण राधानगर ग्राम पंचायत के सामुदायिक हॉल में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण का उद्‌घाटन राधानगर ग्राम पंचायत की प्रधान नीलिमा समद्‌दार ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने किसानों को अपने खेतों में वैज्ञानिक तरीकों से मछली पालन पद्धति अपनाने को कहा, जिससे वे अधिक लाभ प्राप्त कर सके। कार्यकम का उद्‌देश्य ज़िले के लोगों को मीठे पानी की मछली पालन के लिए प्रेरित करना और जलीय कृषि के लिए जल–गुणवत्ता प्रबंधन पद्धतियों की जानकारी देना था।

<><><><><><><>

कैम्पबेल–बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दो दिवसीय ई. एन. टी. जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जी. बी. पन्त के डॉ. सत्येन अरूण मारण और डॉ. सुप्रीत कुमार माहर ने करीब सौ से अधिक मरीजो की जांच की।

<><><><><><><>

पंचवटी के जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए कक्षा–नौवीं और कक्षा–ग्यारहवीं में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए आवदेन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर उन्नीस नवम्बर कर दिया गया है। लेटरल एंट्री टेस्ट के माध्यम से इन कक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी स्कूल की वेबसाइट पर जाकर निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। मायाबंदर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इक्कतीस दशमलव आठ मिलीमीटर, कार–निकोबार में चौदह, श्री विजयपुरम में  आठ दशमलव छह, हटबे तथा वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में सात दशमलव चार, ननकाड़ी में छह और लौंग आइलैण्ड में चार दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>